नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से
### हिंदी विश्वविद्यालय में 'मन की बात' कार्यक्रम

वर्धा, 27 अगस्त 2018: प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी से 'मन की बात' के 47वें संस्करण को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत फिल्ड आउटरिच ब्यूरों की ओर से रविवार 26 अगस्त को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को सुनाया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स पर किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, फिल्ड आउटरिच ब्यूरो, वर्धा के बी. पी. रामटेके, विवि के जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।




आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने केरल में आयी बाढ़, नारी शक्ति के खिलाफ हो रही घटनाएं, केंद्र तथा राज्यों में एक साथ चुनाव कराने, महिला सुरक्षा, इंजीनियरिंग दिवस, शिक्षक दिवस तथा पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की समाप्ति पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिंटु कुमार एवं सोनल राजहंस ने अपनी बातें रखी और मन की बात को लेकर अपने सुझाव दिये। इस अवसर पर पूजा कुमारी, अतुल खेस और बापू चव्हाण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक बी. पी. रामटेके ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बी. एस. मिरगे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश उमाटे एवं संतोष कुमार यादव ने सहयोग दिया।